FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना शिकोहाबाद दिनाँक 05-10-2024 जनपद फिरोजाबाद ।

दिनाँक 26-09-2024 को जनसेवा केन्द्र संचालक के साथ लूट की घटना कारित करने में वांछित अभियुक्त शहवाज नें शिकोहाबाद पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के डर से किया आत्मसर्मपण ।

- **अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर दिनाँक 26-09-2024 को जनसेवा केन्द्र संचालक के साथ लूट की घटना को दिया गया था अंजाम ।**
- **लूट की घटना को कारित करने वाले अन्य 02 अभियुक्त रमाकान्त उर्फ धांसू यादव तथा फैजान को दिनाँक 03-10-2024 को थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है ।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निकट पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में दिनाँक 26-09-2024 को थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत मु0अ0सं0 582/24 धारा 310(2) बीएनएस0 के सफल अनावरण हेतु 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया था । पुलिस टीम द्वारा दिनाँक 03-10-2024 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान 02 अभियुक्तों 1.रमाकान्त उर्फ धांसू यादव पुत्र नरेश यादव निवासी नगला खुशहाल थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद, 2. फैजान पुत्र शमशाद निवासी मौहम्मद माह तेली गली कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा चुका है तथा प्रकरण में वांछित अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभावी दबिश दी जा रही थी ।

थाना शिकोहाबाद पुलिस द्वारा की जा रही ताबडतोड़ कार्यवाही के डर से कल दिनाँक 04-10-2024 को उक्त लूट की घटना कारित करने में शामिल अभियुक्त शहवाज पुत्र शहीद उर्फ भूरे खां निवासी रूपम टेलर के सामने पक्का तालाब थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद द्वारा सीने पर पोस्टर चिपकाकर थाना शिकोहाबाद पुलिस के सामने आत्मसर्मपण कर दिया गया । अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लाई गयी ।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1.शहवाज पुत्र शहीद उर्फ भूरे खां निवासी रूपम टेलर के सामने पक्का तालाब थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ।